## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 27.05.2022 को सम्पन्न 13वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

1. मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर — अध्यक्ष
2. श्री तरूण गौतम, अधिशाषी अभियन्ता, आई0डब्लू0डी0, आई0आई0टी0, कानपुर — सदस्य
3. श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज ऑफ आर्किटेक्चर, लखनऊ — सदस्य
4. अधिशाषी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, कानपुर नगर — सदस्य
5. अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–01, कल्यानपुर कानपुर — सदस्य
6. अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–03, कानपुर — सदस्य
7. प्रतिनिधि अपर परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर — सदस्य
8. प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर — सदस्य
9. प्रो0 डी0 परमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर — सदस्य
10. प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर — सदस्य–सचिव

13.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 08.12.2021 को सम्पन्न हुई 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 08.12.2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

13.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 08.12.2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

13.03

1. **विश्वविद्यालय के शताब्दी स्तम्भ, शताब्दी द्वार, टाईम कैप्सूल एवं सड़क के अतिरिक्त कार्यो के आगणन पर स्वीकृति के सम्बन्ध में :–**
विश्वविद्यालय में शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर शताब्दी स्तम्भ, शताब्दी द्वार, टाईम कैप्सूल एवं सड़क का निर्माण कार्य निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराये गये अतिरिक्त कार्यो का अवलोकन कर समिति द्वारा आगणन रू0 29.08 लाख पर कार्यत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2. **विश्वविद्यालय के आवासीय भवनों के मरम्मत/रिनावेशन सम्बन्धी कार्यो के आगणन पर विचार :–**
विश्वविद्यालय के शिक्षकों/कर्मचारियों के आवासीय भवनों के मरम्मत हेतु Type-IV के 55 आवास, Type-III के 18 आवास, Type-II के 12 आवास एवं Type-I के 40 आवासों के आगणन रू0 6,38,63,526.53/– के कार्य ई–निविदा के माध्यम से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

3. **विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण को एलिवेटड रोड़ से जोडने के आगणन पर विचार :–**
विश्वविद्यालय में पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण को एलिवेटड रोड से जोडने हेतु आगणन प्राप्त किया किया गया था। जिसके क्रम में निर्माण इकाई उ0प्र0 राज्य सेतु निगम से निरीक्षण उपरान्त प्राप्त आगणन कुल रू0 19791.04 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

4. **विश्वविद्यालय में आर्किटेक्ट कालेज का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त आगणन पर विचार :–**
विश्वविद्यालय में आर्किटेक्ट कालेज के निर्माण हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर से प्राप्त आगणन कुल रू0 2374.15 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति ने भवन को दो तल के स्थान पर चार तल का बनाते हुये संशोधित आगणन पर अनुमोदन हेतु समिति के अध्यक्ष एवं मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

5. **विश्वविद्यालय में फार्मेसी कालेज के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त आगणन पर विचार :–**
विश्वविद्यालय में फार्मेसी कालेज के निर्माण हेतु आगणन प्रस्तुत करने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर से प्राप्त आगणन कुल रू0 2497.81 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति ने भवन को दो तल के स्थान पर चार तल का बनाते हुये संशोधित आगणन पर अनुमोदन हेतु समिति के अध्यक्ष एवं मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

6. **विश्ववविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय छात्रावास एवं अतिथि गृह के आगणन पर विचार :–**
विश्वविद्यालय में अर्न्तराष्ट्रीय छात्रावास एवं अतिथि गृह के निर्माण हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर से प्राप्त आगणन कुल रू0 2493.86 लाख पर विचारोपरान्त भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

7. **मा0 कुलपति महोदय कि अनुमति से अन्य मद पर विचार :**

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(सुनील कुमार)
अध्यक्ष, अनुरक्षण
एवं
सदस्य सचिव,
भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर।